टायर और ट्यूब निर्माता यूनिटें

4096. श्री निहाल सिंह : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन फर्मों के नाम और पते क्या हैं जो देश में ट्रकों, बसों, ट्रैक्टरों, स्कूटरों, मोटर साइकिलों और साइकिलों के टायर और ट्यूब का निर्माण कर रही हैं और उनका वार्षिक टायर उत्पादन कितना है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि साइकिल और रिक्शा में प्रयोग की जाने वाले टायर और ट्यूबों की कीमतें गत तीन वर्षों के दौरान दुगुनी हो गई हैं और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या ऐसे टायर और ट्यूब निर्माता फर्मों ने सरकार से उन्हें सस्ती दरों पर कच्चा माल उपलब्ध कराने हेतु मांग की है और यदि हां, तो उस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वीर भद्र सिंह) : (क) विवरण संलग्न हैं ।

(ख) पिछले 3 वर्षों के दौरान साइकिल के टायर और ट्यूबों के मूल्य निम्न प्रकार रहे हैं :—

	मूल्य (रु०प्रति नग)		
	1980	1981	1982
टायर .	14.65	16.00	17.10
ट्यूब .	6.30	6.85	7.25

(ग) टायर और ट्यूबों के उत्पादन में काम आने वाली कच्ची सामग्री के मूल्यों पर और उसके वितरण पर कोई कानूनी नियंत्रण नहीं है ।

विवरण

क्र० सं०	एकक का नाम और पता	उत्पादन—1982 (मोटर-गाड़ियों के टायर)
1	2	3
1.	मै० डनलप इंडिया लि०, डनलप हाउस, 57 बी, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, कलकत्ता—16 (शाहगंज एकक)	1,049,483
2.	अम्बात्तूर एकक	798,137
3.	मै० बोम्बे टायर्स इण्टरनैशनल लि०, हैबन्दर रोड, सेवरी, बम्बई—400033	8,66,284
4.	मै० सिएट टायर्स आफ इंडिया लि० भांडुप, बम्बई ।	1419,598

1	2	3
5.	मै० गुडइयर इंडिया लि०, गोंदरेज भवन, (तीसरी मंजिल) मथुरा रोड, नई दिल्ली ।	677,556
6.	मै० प्रीमियर टायर्स लि०, मर्चेन्ट चेम्बर, 41, न्यू मेरीन लाइन्स, बम्बई–20	281,714
7.	मै० इचेक टायर्स लि०, 19, जवाहर लाल नेहरु रोड, कलकत्ता–13	34,499
8.	मै० मद्रास रबर फैक्टरी, तिरुवोट्टीपुर हाई रोड, मद्रास ।	573,394 (मद्रास एकक) 366,007 (गोम्रा एकक) 275,503 (भ्रारकोणम एकक)
9.	मै० मोदी रबर लि०, मोदी नगर ।	982,432
10.	मै० जे० के० इण्डस्ट्रीज लि०, लिंक हाउस, 3, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली ।	377,180
11.	मै० अपोलो टायर्स लि०, चेरुपुष्पम बिल्डिंग, 6वाँतल, षण्मुगम् रोड, कोचीन ।	303,783
12.	मै० विक्रान्त टायर्स लि०, के०आर० एस० रोड, सेटागल्ली, मैसूर-570016	289,683
13.	मै० फाल्कन टायर्स लि०, 5, क्रीसेंट रोड, हाई ग्राउन्ड्स, बंगलौर–1	552,300

1	2	3
14.	मे० यू०पी० टायर्स एण्ड ट्यूब्ज लि०, ए–539, एच०आई० जी० आवास विकास कालोनी, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016	91,741
	योग :	89,39'293

क्र० सं०	एकक का नाम और पता	उत्पादन (साइकिल टायर)
1	2	3
1.	मे० डनलप इंडिया लि०, डनलप हाउस, 57 बी, मिर्जा गालिब स्ट्रीट (शाहगंज एकक)	80,65,236
2.	(अम्बात्तूर एकक)	46,94,748
3.	मे० इन्टरनेशनल रबर एण्ड जनरल इण्डस्ट्रीज (प्रा०) लि०, 18/24, नांकियाल जानी रोड, वाडी बांदर, बम्बई–400009	66,92,519
4.	मे० राल्सन साइकिल्स लि०, बालसन नगर जी०टी० रोड, लुधियाना (पंजाब)	74,21,861
5.	मे० रघुवीर साइकिल इण्डस्ट्रीज लि०, प्रतापनगर इण्डस्ट्रीज एरिया, लुधियाना	3,33,700

1	2		3
6.	मे० कास्मोस इंडिया रबर वर्क्स प्राइवेट लि०; 7, होमजी स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई		नगण्य
7.	मे० रूबी रबर वर्क्स, पो०ग्रा०—रूबी नगर, चंगनाशेरा		76,367
8.	म० नेशनल रबर मैन्युफेक्चरर्स लि०, 19, जवाहर लाल नेहरू रोड, कलकत्ता–13		1,91,836
9.	मे० मद्रास रबर फैक्टरी, तिरूवोट्टियुर हाई रोड, मद्रास		87,157
10.	मे० त्रिवेन्द्रम रबर वर्क्स, त्रिवेन्द्रम ।		3,40,550
		योग :	279,03,974

वाहन निर्माता कारखाने

4097. **श्री निहाल सिंह** : क्या **उद्योग** मंत्री वाहन निर्माता कारखानों के सम्बन्ध में दिनांक 28 अप्रैल, 1982 के अतारांकित प्रश्न सं० 10111 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लोगों द्वारा इस समय विभिन्न निर्माता फर्मों में बुक किए गए भारी तथा हल्के वाहनों, बसों, ट्रकों और मिनी बसों की चेसिसों, तिपहिया स्कूटरों, दो पहिया स्कूटरों की अलग-अलग संख्या कितनी है ; और

(ख) 31 दिसम्बर, 1982 तक बुक किए गए वाहनों और चेसिसों को बुक कराने वाले व्यक्तियों को कब तक आवंटित किया जाएगा ?

उद्योग मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी) : (क) और (ख). बुकिंग मुख्यतः कुछ मेक की वाणिज्यिक गाड़ियों और स्कूटरों के सम्बन्ध में है । निर्माण एककों द्वारा बताई गई स्थिति निम्न प्रकार है :—